# राष्ट्र निर्माण को जीवन का संकल्प बनाएं

## कन्या महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. श्रीवास्तव ने किया आव्हान



नवभारत न्यूज

**सागर 16 जनवरी. राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत चुनौतियां एवं संभावना विषय पर कहा कि भारत की वैश्विक पहचान में युवा शक्ति की भूमिका निर्णायक है.**

उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण को जीवन का संकल्प बनाने का आह्वान किया. आयोजन सचिव ले. डॉ. अंशु सोनी ने सेमिनार के विषय पर विस्तृत चर्चा की. सेमिनार की समन्वयक डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने सेमिनार के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला. सेमिनार के विषय प्रवर्तक श्रलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलसचिव डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि यूनान, मिस्र आदि देशों ने भारत से ज्ञान प्राप्त किया. भारत को यों ही सोने की चिडिया नहीं कहा जाता रहा है इसका कारण केवल प्राकृतिक संपदा नहीं है बल्कि ज्ञान, शिक्षा, आध्यात्म, कौशल और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन की परंपरा रही है. विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि यह गर्व की बात है कि यह कन्या महाविद्यालय छात्राहित में सदैव शैक्षणिक गतिविधियों में सतत् सक्रिय रहता है, आपने आज के विषय को समसामायिक निरूपित किया. अध्यक्षीय उद्बोधन में एक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने वसुधैव कुटुम्बकम्-की भावना को रेखांकित किया. प्रथम तकनीकी सत्र में अध्यक्षता डॉ. अनुपमा कौशिक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर ने की. शोध छात्रा सुप्रिया जैन, अनुज अहिरवार, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, श्रीमती दुर्गेश नंदिनी गायकवाड़ तथा गुंजन देवलिया ने अपने-अपने आलेख वाचन में विषय से संबंधित उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की. द्वितीय तकनीकी सत्र में अध्यक्षता डॉ. सर्वेश्वर उपाध्याय ने की. डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, देव मिश्रा, वर्तिका सिंह, डॉ. कुलदीप यादव प्राचार्य बडा कॉलेज, डॉ. नीतीश ओबेरायन, डॉ. अशोक पन्या ने आलेख प्रस्तुत किए.

> सेमिनार का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ. संगीत विभाग की छात्राओं ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. उद्घाटन सत्र के अवसर पर सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. पवन शर्मा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मिश्रा, सदस्य विनय मिश्रा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी मंचासीन थे. सभी अतिथियों द्वारा सेमिनार की प्रोसीडिंग का विमोचन किया गया. इस राष्ट्रीय सेमिनार से विभाग की छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ. सेमिनार में देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की.

# जैन मंदिर में चोरी के विरोध में धरना

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जनवरी. सुरखी में 5 दिन पहले छोटे जैन मंदिर में चोरी की घटना के बाद आक्रोशित जैन समाज के साथ पूरे ग्राम के लोगों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और थाने के सामने धरना दिया.**

वीरेंद्र जैन ने बताया कि आक्रोशित समाजों के लोग थाने के सामने इकट्ठे हो गए और पिछले दो माह में चोरी की 50 से ज्यादा घटनाओं को पुलिस के द्वारा नहीं पकड़े जाने पर नारेबाजी की और थाने के स्टाफ को बदलने की बात कही. जैन मंदिर से लगभग 5 किलो से अधिक चांदी के 20 छत्र चोरी हो गए थे और कुछ नगदी भी अज्ञात चोर ले गए है. छोटी-मोटी चोरियां और खेतों में किसानों की बिजली की मोटरों की चोरियों की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज हैं लेकिन एक भी चोर को पुलिस ने पकड़ा नहीं है.



> बताया जाता है इस संदर्भ में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत सुरखी पहुंचे थे और जैन समाज के लोगों को उन्होंने चोरों को पकड़ने का आशवासन दिया था लेकिन पुलिस की निष्क्रियता से चोर अब तक नहीं पकड़े जा सके है. इस दौरान भाजपा नेता सरमन सिंह ठाकुर, अरुण गौतम, महाराज सिंह ठाकुर, नर्मदा सिंह ठाकुर नंदकिशोर भार्गव, सतेंद्र सिंह ठाकुर, उत्तम मासाब, वीरेंद्र जैन, अनिल जैन, दीपक जैन, बिंदु जैन, प्रशांत जैन, संटू जैन, संतोष बड़कुल, अरविंद बड़कुल, बालचंद जैन, अभय जैन, दिनेश बड़कुल, सुरेंद्र जैन, राहुल जैन सहित सागर से पहुंचे पूर्व विधायक सुनील जैन, सागर जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन ढाना, अजय जैन लंबरदार, अवधेश जैन जैसीनगर, राजकुमार जैन, अजय जैन, कमलेश जैन, अरविंद जैन, निर्मल जैन बिलहरा के अलावा गौरझामर,देवरी,ढाना, बिलहरा, मकरोनिया, आदि स्थानों के जैन समाज के लोगों के साथ सुरखी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने इस प्रदर्शन और धरना में अपनी सहभागिता दी. एसडीओपी देवरी शशिकांत सरयाम, थाना प्रभारी रामू प्रजापति ने धरना स्थल पर लोगों से चर्चा कर कुछ दिन के लिए धरना स्थगित करने की अपील की और चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया.

## एक नजर में



### बिलहरा में श्री राम कथा का आयोजन

**सागर.** बिलहरा स्थित श्री देव जानकी रमन मंदिर, शुक्रवारा बाजार में श्री राम कथा का आयोजन संपन्न हुआ. गुरु राजेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से प्रवाहित श्रीराम कथा ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया .इस धार्मिक आयोजन में युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चढ़ार, राकेश तिवारी, बिलहरा मंडल अध्यक्ष गौरव गर्ग, अजय राजपूत, राजपाल राजपूत, अंशुल उपाध्याय, सचिन,दुष्यंत उपस्थित रहे.




### लघु वेतन कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

**सागर.** मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ सागर ने 15 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन भगवानगंज चौराहा पर पहुंचकर भारत रत्न संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन सौंपने में चूरामन रायकवार, थानसिंह मंडल, बेनीप्रसाद प्रजापति, नरेंद्र सिंह रायकवार, संदीप पटेल उपस्थित रहे.



### पटना बुजुर्ग में समाधान योजना शिविर संपन्न

**रहली.** ग्राम पटना बुजुर्ग के पंचायत भवन में एवं गढ़ाकोटा उपसंभाग के ग्राम खेजरा के पंचायत भवन में ऊर्जा विभाग की समाधान योजना के कैंप का आयोजन किया गया. जिसमे ग्राम केसमस्त उपभोक्ताओं को समाधान योजना में बिजली बिलों में सरचार्ज छूट की जानकारी दी गई. कैंप में अधीक्षण अभियंता श्रीमति चंद्ररेखा प्रभाकर, कार्यपालन अभियंता पंकज डेहरिया, सहायक अभियंता सीएस पटेल, ओम प्रकाश अग्रवाल, कनिष्ठ अभियंता शैलेन्द्र चौबे, सुरेश मरावी, आशीष जैन उपस्थित रही. ग्राम पटनाबुजुर्ग में 40 उपभोक्ताओं से समाधान योजना का लाभ लिया.



### प्रदेश में महिला उत्पीड़न के सर्वाधिक प्रकरण

**बीना.** प्रदेश के हर जिले में महिलाओं की अस्मिता सुरक्षित नहीं है, जिस तरह से पूरे प्रदेश में महिला उत्पीड़न के केस सामने आ रहे है प्रदेश में भाजपा सरकार को सरकार चलाने का अधिकार नहीं है. यह बात अंबेडकर तिराहा पर जिला महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में मध्यप्रदेश कांग्रेस उत्पीड़न प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहीं. उनका कहना था खिमलासा में 3 साल की बच्ची के साथ जो घटना घटित हुई है उसे न्याय मिलना चाहिए. पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा कहते हैं अभिनंदन करो किस बात का अभिनंदन करें, महिलाएं सुरक्षित नहीं है युवाओं को रोजगार नहीं है. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ जो दुराचार हो रहा है वह निंदनीय है, पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिले. इस मौके पर राष्ट्रपति के नाम टीआई अनूप यादव को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन का वाचन जिला अध्यक्ष मोहिनी कश्यप ने किया. इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उमा महेंद्र नवैया, रेखा सोनी, विमल अहिरवार, गीता कुशवाहा, एड.कृष्णा कैथोरिया, शशि राज, कविता नाहर, देवेंद्र कुशवाहा मौजूद थे.

# चाटर्ड बस कंपनी को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जनवरी. चाटर्ड कंपनी द्वारा खराब कंडीशन की बसें संचालित किये जाने एवं जनता को आरामदायक सुविधा उपलब्ध न कराये जाने के संबंध में चाटर्ड बस कंपनी को नोटिस जारी किया गया है.**


आरटीओ मनोज कुमार तेहनगुरिया ने दिए गए नोटिस में क्यों न मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 56(4) के अनुसरण में उक्त वाहनों के उपयुक्तता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं प्रदान किया गया. अनुज्ञापत्र निलंबित कर दिया जाये. इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के समक्ष 03 दिवस में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है. चाटर्ड बस कंपनी द्वारा समयसीमा में अभ्यावेदन प्रस्तुत न करने पर मोटरयान अधिनियमों के तहत् वाहनों के फिटनेस, परमिट, पंजीयन निरस्ती/निलंबन की कार्यवाही की जावेगा. आरटीओ ने बताया कि इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही है कि सागर से संचालित होने वाली चाटर्ड कंपनी की बसें कंडम हालत में है तथा आये दिन बसें रास्ते में खराब हो जाती है.

# कर्रापुर में शव रखकर जाम लगाया

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जनवरी. बहेरिया थाना अंतर्गत कर्रापुर पुलिस चौकी क्षेत्र में बृजेन्द्र ठाकुर पिता राजाराम ठाकुर की संदिग्धावस्था में हुई मृत्यु के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने न्याय की मांग को लेकर सागर-बंडा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया.**

घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रदीप लारिया तत्काल चक्काजाम स्थल पर पहुँचे. उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और पूरी घटना की विस्तृत जानकारी ली. परिजनों ने विधायक के समक्ष मामले की



निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी. विधायक श्री लारिया ने तत्काल प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की. उन्होंने निर्देश दिए कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मृतक का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया. उन्होंने पुलिस प्रशासन को घटना की बारीकी और निष्पक्षता से जांच करने के कड़े निर्देश दिए ताकि सत्य सामने आ सके. विधायक श्री लारिया की त्वरित सक्रियता, प्रभावी प्रशासनिक समन्वय और समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी नागरिक शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया.

## मैराथन दौड़ कल

**सागर.** नगर पालिक निगम एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार 18 जनवरी को प्रात: 7 बजे मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा. यह मैराथन दौड़ खेल परिसर से प्रारंभ होकर डिग्री कॉलेज, जैन हाई स्कूल, मेडिकल कॉलेज रोड, तिली तिराहा होते हुए पॉलीटेक्निक कॉलेज कॉलोनी चौराहा तक जाएगी, जहां से यूटर्न लेकर उसी मार्ग से वापस खेल परिसर में इसका समापन होगा. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है.

# विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 16 जनवरी. विधायक बृजबिहारी पटैरिया ने पांच ग्रामों सालावारा, चरगुआ, गुगवारा सर्रा खुर्द गंगवारा, गंगवारा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और मौके पर ही लोगो की समस्याएं सुनी व उनका निराकरण किया. लोगो की समस्याओ के निराकरण हेतु चरगुंआ में शिविर लगाने की बात कही.**

ग्राम गंगवारा मे 23.39 लाख रुपयोकी लागत करंजुआ नदी पर बनने पुल का भूमिपूजन किया. सर्राखुर्द, गंगवारा में दस लाख



रुपए की लागत के सीसी रोड, गुगवारा में सुनार नदी पर घाट निर्माण व सौंदर्यकरण हेतु 15 लाख रुपए, 10 लाख रुपयों की लागत से सीसी रोड का निर्माण हेतु, चरगुआं मे करोदयाई से प्राथमिक शाला तक 14.98 लाख रुपयों की लागत से सीसी रोड निर्माण, खोडी ग्वारी सालावारा में भूमिपूजन किया. इस अवसर पर सरपंच रतनसिह लोधी, सरपंच उमा, लखन सिह लोधी, सरपंच लटोरी आदिवासी, सरपंच नीलेश जैन सचिव, कुंदन पटैल, दुर्गा पटैल, उमेश मिश्रा, अरविंद जैन, देवी खटीक, प्रीतम लोधी, राजेश दीक्षित, मनोज घुरा, देवेंद्र लोधी, संजय जैन, सौरभ जैन मौजूद थे.

## सलोनी को गोल्ड मैडल

**सागर.** वाटर स्पोर्ट्स स्लालम जूनियर नेशनल चैंपियनशिप खेल



प्रतियोगिता का आयोजन महेश्वर की सहस्त्रधारा घाट पर किया गया, जिसमें खेल परिसर की पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी सलोनी शर्मा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया. सलोनी पूर्व में खेल परिसर में सीमा चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करती थीं.

वॉलीबॉल प्रशिक्षक सीमा चक्रवर्ती ने बताया कि सलोनी महेश्वर में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं और जूनियर केनो-सी-1 स्लालम महिला प्रतियोगिता में महज 102.25 की टाइमिंग के साथ स्वर्ण पदक जीतकर सागर जिले को गौरवान्वित किया.

# पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला




नवभारत न्यूज

**सागर 16 जनवरी. अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत संभागस्तरीय शहरी पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला का आयोजन जीरो वेस्ट थीम पर पद्माकर सभागार में किया गया.**

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि अमृत हरित महाअभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है. उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण, तापमान वृद्धि एवं जल संकट से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है. सभी नगरीय निकायों को अभियान के तहत पौधे रोपित करना चाहिए.

# ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो पेड़ से टकराया, छात्र-छात्राएं घायल

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 16 जनवरी. पास के गांव आलापुर के पास ट्रैक्टर की टक्कर से एक ऑटो पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में ऑटो में सवार पांच छात्र-छात्राएं घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है. उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है.**

यह घटना जाखलौन से ललितपुर आ रही ऑटो के आलापुर तिराहे के पास पहुंचने पर हुई. पीछे से आ रहे गेहूं से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई. घायलों में जाखलौन निवासी बीए की छात्रा काजल कुशवाहा, छात्रा रक्षा और आलापुर निवासी छात्र अमित शामिल हैं. घायल अमित ने बताया कि ऑटो में जाखलौन से ललितपुर कॉलेज आने के लिए करीब आठ से अधिक छात्र-छात्राएं सवार थे. ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया. मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है और इलाज जारी है.

## आरोपी पकड़ा गया

**ललितपुर.** कोतवाली पुलिस ने थाने पर पॉक्सो एक्ट के आरोपी थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम मुहारा निवासी विनय अहिरवार को हिरासत में लिया है.



## मौलाना अजीजुर्रहमान बने जामा मस्जिद पेश इमाम

**सागर.** जामा मस्जिद में पेश इमाम रहे मरहूम मौलाना मुतीउर्रहमान साहब के इंतकाल के बाद उनके पुत्र मौलाना अजीजुर्रहमान को सर्वसम्मति से जामा मस्जिद का नया पेश इमाम बनाया गया. दस्तारबंदी शहर मुफ्ती तारिक अनवर साहब के मार्गदर्शन में की गई. जामा मस्जिद परिसर में मगरिब की नमाज के बाद आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौलाना अजीजुर्रहमान को पेश इमाम की जिम्मेदारी सौंपी गई. इस मौके पर कई उलमा-ए-किराम, मस्जिद कमेटी के पदाधिकारी, गणमान्य लोग और नमाजी मौजूद रहे. इस दौरान समाज के युवाओं द्वारा मौलाना अजीजुर्रहमान का इस्तकबाल भी किया.

# श्रीराम कथा व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जनवरी. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में रुद्राक्ष धाम प्रांगण में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित श्री राम कथा एवं श्री दक्षिणमुखी हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण पत्र वितरण कार्य हेतु सागर, नरयावली तथा खुरई विस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई.**

श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में घर घर आमंत्रण पत्र वितरण कार्य को 20 जनवरी तक पूर्ण करें ताकि पुन: बैठक कर कार्यक्रम के व्यवस्थाओं संबंधी दायित्वों को मिल जुल कर निर्धारित किया जा सके. बैठक में श्री सिंह ने



सर्वप्रथम सागर नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आमंत्रण पत्र वितरण कार्य की समीक्षा की.

उन्होंने बैठक में उपस्थित पार्षदों व प्रमुख स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं को वार्डों में प्रत्येक घरों तक व्यक्तिगत पहुंच कर आमंत्रण पत्र वितरित करने की जिम्मेदारी से जोड़ कर पूर्व की वितरण व्यवस्था के साथ दायित्व सौंपा. श्री सिंह ने नरयावली क्षेत्र के मकरोनिया नपा, कर्रापुर नप, केंट छावनी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों तथा अनेक ग्राम पंचायतों व ग्रामों के पार्षदों व प्रमुख जनों को आमंत्रण पत्र वितरण के दायित्व से जोड़ा, अभी तक हुए वितरण कार्य के पत्रकों की समीक्षा की. खुरइ के 6 भाजपा मंडल अध्यक्षों ने मंडलों में हो रहे आमंत्रण पत्र वितरण कार्योंका विवरण बैठक में रखा.


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट आवेदन में मेरा नाम त्रुटिवश SUMALYA KHAN अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम SUMAYLA KHAN है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। यह सूचना पासपोर्ट रिकॉर्ड में नाम सुधार हेतु प्रकाशित की जा रही है।

नाम : SUMAYLA KHAN
पता : BAJRANG COMPLEX MASJID KE PAAS, MADHUKAR SHAH WARD, WARD NO. 04 SAGAR M.P.

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक MOHAMMAD ARIF KHAN के पासपोर्ट आवेदन पत्र में उनकी माता का नाम त्रुटिवश SHAHJHANHA BEGAM अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड के अनुसार उनकी माता का सही नाम SHAHJAHA है। यह स्पष्ट किया जाता है कि SHAHJHANHA BEGAM एवं SHAHJAHA एक ही व्यक्ति के नाम हैं। यह सूचना पासपोर्ट रिकॅार्ड में माता के नाम में सुधार हेतु प्रकाशित की जा रही है।

आवेदक का नाम : Mohammad Arif Khan
माता का सही नाम : SHAHJAHA
ÂlæÑ BAJRANG COMPLEX MASJID KE PAAS, MADHUKAR SHAH WARD, WARD NO. 04 SAGAR M.P.


**समीक्षा बैठक** — कमिश्नर ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास से संचालित योजनाओं की वीसी के माध्यम से की समीक्षा

# आखिर समय पर क्यों नहीं हो पा रही हैं रोगी कल्याण समिति की बैठकें

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जनवरी. कमिश्नर अनिल सुचारी ने स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिए हैं.**

कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और महिला बाल



विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से मरीजों, महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर उपचार और संदर्भ सेवाएं मुहैया कराएं. कमिश्नर ने उक्त निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सेवाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए दिए. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला स्तर पर होने वाली रोगी कल्याण समिति एवं पोषण समिति की बैठकें अनिवार्यता निर्धारित समय अवधि में कराना सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच तथा उनका टीकाकरण भी समय-समय पर सुनिश्चित कराएं तथा उन्हें अन्य संदर्भ सेवाएं भी समय-समय पर मुहैया कराएं. कमिश्नर ने महिलाओं में एनीमिया की स्थिति एवं ब्लड प्रेशर की जांच कराने के भी निर्देश दिए तथा उनके उपचार की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कमिश्नर ने क्षय रोग से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के लिए सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए तथा कहा कि सागर संभाग में क्षय रोग रोगियों की पहचान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएं तथा क्षय रोगियों की जांच कर उन्हें समुचित उपचार मुहैया कराएं.